## खबर संक्षेप

### संत चावरा नेशनल अकादमी में शोक सभा का आयोजन

**परासिया :** संत चावरा नेशनल अकादमी में पूर्व प्रिंसिपल फादर फ्रांसिस के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रिंसिपल फादर जैसन, प्रबंधन, शिक्षक, वाहन चालक, बच्चे और अन्य सभी उपस्थित थे ।प्रिंसिपल फादर जैसन ने अपने भावपूर्ण भाषण में फादर फ्रांसिस की यादों को साझा किया और उनके योगदान को याद किया । उन्होंने कहा , कि फादर फ्रांसिस एक असाधारण व्यक्ति थे जिन्होंने अपने जीवन को संस्थान और समुदाय की सेवा में समर्पित कर दिया था ।सभा में उपस्थित सभी लोगों ने फादर फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

### दीनदयाल पार्क में आयोजित में की गई स्वच्छता की कार्यशाला

**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव में स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे अध्यक्ष श्री रमेश सालोडे अपील समिति सदस्य, सभापति श्री संजय जैन जी के मार्गदर्शन में नगर पालिका कर्मचारी सफाई मित्रों को स्वच्छता की पाठशाला के माध्यम से श्री प्रदीप सिंह जी द्वारा स्वच्छता से संबंधित कई जानकारियां से अवगत कराया गया एवं सफाई कर्मियों को उनके बेहतर स्वास्थ्य को देखते हुए प्रतिदिन वार्डों में कार्यरत कर्मचारी को पी.पी. किट एवं मार्क्स पहनकर ही अपने कार्य पर जाएं यह जानकारी दी गई स्वच्छता की पाठशाला के माध्यम से अपने कार्यों को स्मार्ट तरीके से एवं बेहतर तरीके से करने के लिए प्रेरित किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अपना बेहतर योगदान एवं अपने शहर जुन्नारदेव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में हम किस प्रकार सहयोगी बन सकते हैं स्वच्छता संबंधित विषयों पर संवाद किया गया एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में सफाई मित्रों द्वारा बेहतर प्रदर्शन अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे मौजूद रहे।

## ठेकेदार लघु उद्योग निगम से ना खरीद कर वेल्डर से बनवा रहे हैं फ्रेम

# जनजातीय विभाग के निर्माणाधीन भवनों में दोयम दर्जे की लगाई जा रही खिड़की और चौखट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)

**गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री से बन रहे जनजातीय विभाग के भवन तामिया में चर्चा का विषय बन गए है। पहले तो फ्लाई ऐश की ईंट और रेत की जगह डस्ट का इस्तेमाल और अब घटिया किस्म के खिड़की, दरवाजे लगाए जा रहे है। आगे भी यह कहानी जारी रहेगी क्योंकि विभाग मौन है और विभाग प्रमुख ठेकेदारों को संरक्षण देने में लगे है। यह कहानी पुनः दोहराई जाएगी और हम आपको समय समय पर अवगत भी कराते रहेंगे। हो सकता है इस बीच दिखावे की कार्यवाही के लिए कुछ दस्तावेजीकरण हो जाए। परंतु ढाक के दो पाथ ही रहने वाले है। पूरा भवन गुणवत्ताहीन बनेगा इस बात पर कोई दोहमत नहीं है। क्योंकि नींव ही कमजोर है। यह हमारे व्यक्तिगत विचार नहीं स्थल निरीक्षण कर आंखों देखी बयां किया जा रहा है।**





छिंदवाड़ा जनजातिय कार्य विभाग के अंतर्गत तामिया तहसील में चल रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार पूरे चरम पर है। इसका मूल कारण है यहां के उपयंत्री सहायक यंत्री एवं विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदारों को इन्होंने मौन संरक्षण दिया हुआ है।

जिस कारण निर्माण कार्य में जमकर अनियमित वरत कर निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता को बुरी तरीके से प्रभावित कर रहे हैं क्योंकि ठेकेदार इन निर्माण कार्यों को अपने मनमाने तरीके से कर रहे हैं। इन्हें जिस कारण निर्माण कार्य में मापदंड की अनदेखी साफ देखी जा सकती ह की जो कालम खोदे गए हैं। वे निर्धारित मापदंड से आधे ही खोदकर कालम खड़े किए गए हैं। जिससे भवन की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ा है क्योंकि यहां पर जो तैनात उप यंत्री हैं, वह प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल विभाग के ना होकर प्रतिनियुक्ति पर हैं, जिस कारण उनका निर्माण कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन देने के बजाय ठेकेदार को छूट देकर मनमाना कमिशन फर्जी मूल्यांकन कर वसूले जाने की भी चर्चा है। तामिया में चल रहे निर्माण कार्य जो अब प्लथ लेवल से डोर लेवल तक हो गए हैं। इनमें लगाए जाने वाले खिड़की दरवाजे के लिए लगाई जाने वाली चौखट जिनको देखकर ऐसे लगता है कि यह भवन में ना लगकर किसी सार्वजनिक शौचालय में भी ऐसे खिड़की चौखट नहीं लगाई जाती जो तामिया में चल रहे निर्माण में लगाई जा रही है। चौखट जो लगी है वह दोयम दर्जे की एवं रंडम चोकोर पाइप की लगाई जा रही है जबकि जो चौखट खिड़की लगना है, वह लघु उद्योग निगम से खरीदी जानी चाहिए क्योंकि उनके अपने मापदंड निश्चित है, लेकिन ठेकेदार फ्लाई एस ईट की जगह सीमेंट की ईट रेत की जगह क्रेशर डष्ट लग रहे हैं।

जिस पर कोई तकनीक अधिकारी ने मना ही नहीं किया। इसी बलबूते अब खिड़की चौखट भी मापदंड के विपरीत लगाने में नहीं हिचक रहे। लगाए गए खिड़की फ्रेम से सिद्ध होता है कि उसके जो ग्रिल के लिए पाइप लगा गए हैं वह बिल्कुल ही दोयम दर्जे के हैं एवं उनके बीच में इतना गैप है कि किसी का भी हाथ आराम से खिड़की के अंदर जा सकता है। इस तरह तकनीकी अधिकारियों की मेहरबानी का नतीजा निर्माणाधीन भवनो में लगाए जा रहे। चौखट खिड़की में भी लाखों का फर्जीवाड़ा करने की तैयारी में ठेकेदार हैं।

# ग्रामीण सड़क कर रही है ग्रामीणों को घायल

## रामाकोना और सवरनी सड़क पर हुई दुर्घटना, नागपुर किया गया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रामाकोना से सवर्णी सड़क खस्ता हाल हो चुकी है,जगह-जगह पर पड़ चुके गड्ढे अब लोगों स्कूली छात्र-छात्राओं वाहन चालकों को घायल कर रहे है। सड़कों पर बने हुए गड्ढो के कारण गुरुवार को एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीणों की मदद से परिजनों के द्वारा नागपुर अस्पताल रेफर किया गया है। पूर्व में कई बार इस सड़क के नवनिर्माण और गड्ढे भरने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को भी सूचनाओं दी गई है। बावजूद इसके खस्ता हाल सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है। इस सड़क पर बने गड्डो और इस मार्ग पर बेलगाम चल रहे औवर लोड डंपर और गाड़ियों के चलते अक्सर दो पहिया वाहन चालक और स्कूली छात्र-छात्राएं घायल हो रही है। ग्रामीण विकास भोयर ने बताया किसंबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत एवं गढ्डों को भरने की मांग की जा रही परंतु जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं देने के चलते आए दिन मासूमग्रामीण दो पहिया वाहन चालकों एवं छात्र-छात्राओं को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है।



## 4 नवम्बर से शुरू होगी एसआईआर की प्रक्रिया हर घर में जायेंगे बीएलओ

**परासिया :** एस आई आर (**SIR**) स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू होगी । जिसके लिए बी एल ओ (**BLO**) यानि कि बूथ लेवल ऑफिसर हर घर में जाएंगे , सर्वे करेंगे और गणना पत्रक भरेंगे । यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी । वे मतदाता जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं होगा उन्हें वर्ष 1987 से पूर्व के वे 12 दस्तावेज जो चुनाव आयोग ने निर्धारित किए हैं उनमें से कोई एक उपलब्ध कराना होगा । प्रत्येक मतदाता को नया पासपोर्ट साइज फोटो देना होगा । ऐसे मतदाता जो अन्य राज्यों से आएं हैं उन्हें घोषणा पत्र देना होगा । बी एल ओ गणना पत्रक मतदाता के समक्ष घर में जाकर भरेंगे । परिवार का कोई सदस्य यदि क्षेत्र से बाहर है उसका फार्म परिवार का अन्य सदस्य भर सकता है , पर उसे घोषणा पत्र देना होगा । ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद यदि किसी का नाम छूटता है तो वह दावा आपत्ति पेश कर सकता है । दावे आपत्ति के बाद भी यदि मतदाता सूची में नाम नहीं आता है , तो अपील के दो अवसर होंगे । पहली अपील जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) , दूसरी अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल को की जा सकेगी ।

### मोहन का सौंसर नगर में हुआ स्वागत सत्कार

**सौंसर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का सौसर मेंयुथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन द्वारा संचालित निशुल्क पुस्तकालय/वाचनालय में स्वागत किया गया। इस दौरान श्री नागर के संस्थाओं, परामर्शदाता मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम,ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की विस्तृत जानकारी ली।श्री नागर ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार वृंदावन आदर्श ग्राम की कल्पना को साकार करना है। जन अभियान परिषद की कार्य योजना में स्वदेशी जागरण अभियान, सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र आदर्श ग्राम, जैविक खेती, एक पेड़ मां के नाम अभियान गौ सेवा जैसे अन्य अभियान एवं अन्य जानकारी दी। इस दौरान भाजपा नेता राजेद्र भक्ते,मोरेश्वर मर्सकोले मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में पॉलिटेक्निक खिरसाडोह को मिला द्वितीय पुरस्कार



**परासिया :** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 29 वे युवा उत्सव का समापन आज दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को इंदिरा गांधी स्टेडियम छिंदवाड़ा में किया गया, युवा उत्सव में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह के छात्र सत्यम फरकारे एवं टीम ने विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय पुरस्कार विवेक बंटी साहू सांसद छिंदवाड़ा के हाथों प्राप्त किया, संस्था परिवार की ओर से प्राचार्य एच डी पाटिल द्वारा विजित टीम एवं विभाग को बधाई दी गई ।

## देर रात्रि तक जागरण में झूमे श्रोतागण



**जुन्नारदेवः** नगर के वार्ड क्रमांक 9 एवम 11 के प्रांगण में महाकाल कालीपूजा समिति द्वारा विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया, जिसमे जय मां शारदा जागरण ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति दी गई। छिंदवाड़ा की भजन गायिका मुस्कान भट्ट द्वारा सेवा में बाग लगाए हो मैया, नाचे छमा छम काली मैया गीतों पर श्रोता जमकर झूमे वही कोयलांचल के सुप्रसिद्ध भजन गायक रवि कहार द्वारा मैंने मोहन को बुलाया है वह आता होगा, तेरा दर तो हकीकत में दुखियों का सहारा है गीतों पर श्रोतागण मंत्र मुक्त हो गए वहीं ऑडियो वीडियो सिंगर धर्मेंद्र मालवी द्वारा गाए गीत काली काली अमावस की रात में, अरा रारा मैया का रूप काला काला, भोला वरदानी में श्रोता झूम उठे साथ ही ग्रुप के कलाकार निकलेश सोनी, चमन नागले द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम में राजदीप कुलदीप, रितिक, म्यूजिक मास्टर रवि वर्मा, झांकी कलाकार रवि यादव, सौम्या यादव ने अपनी प्रस्तुति दी कार्यक्रम में भारी संख्या में समिति सदस्य और वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# पत्रकार मुकुंद सोनी का निधन, पत्रकारिता जगत में शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद सोनी का आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय तक अलग अलग संस्थानों सहित प्रतिष्ठित समाचार पत्रों से जुड़े रहे। हाल के वर्षों में वे स्वतंत्र पत्रकार के रूप में कार्यरत थे और सामाजिक व जनहित के मुद्दों पर निर्भीक लेखन के लिए जाने जाते थे। मुकुंद सोनी अपने सौम्य स्वभाव, निष्पक्ष पत्रकारिता और समाज के प्रति समर्पण के लिए पत्रकारिता जगत में विशेष पहचान रखते थे। उनके निधन से छिंदवाड़ा, जबलपुर एवं मध्य प्रदेश के पत्रकार समुदाय में शोक की लहर है। पत्रकार साथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पाठकों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और उन्हें एक सच्चे, संवेदनशील पत्रकार के रूप में याद किया है।उनकी अंतिम यात्रा गुरूवार को उनके निवास स्थान सोनपुर से निकाली गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



मुकुंद सोनी कई प्रकार के सामाजिक संगठनों से भी जुड़े थे। खासकर छोटी बाजार के धार्मिक संगठनों से और समय समय पर अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करते थे। वे अपने पीछे पत्नी और एक बेटे को छोड़ गए है।

# छह माह की बच्ची की मौत, डॉक्टर को दिखाए बिना पिलाया आयुर्वेदिक सिरप

## गांव में पसरा मातम, झोलाछाप डॉक्टरों पर नहीं हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जहरीली कफ सिरप के मामले में एसआईटी गठन के बाद दोषियों पर कार्यवाही निरंतर चल रही है। विगत 15 दिनों से मौत का सिलसिला थमा तो जिलेवासियों ने राहत की सांस ली। परंतु गुरूवार को बिछुआ से आई रोही मिनोटे की मौत की खबर ने पुनः हड़कंप मचा दिया। प्रशासन भी सख्ते में आ गया। कार्यवाहियों का दौर शुरू हुआ। परिजन थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई पर बच्ची को नहीं बचाया जा सका। मेडिकल स्टोर भी सील किया गया है।

जिले के बिछुआ में 6 माह की बच्ची रोही मिनोटे की सर्दी-बुखार के बाद हुई संदिग्ध मौत से हड़कंप मच गया है। बच्ची के परिजनों ने स्थानीय कुरेठे मेडिकल स्टोर से खरीदी गई आयुर्वेदिक कफ सिरप पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, जिसके बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए जांच के लिए 3 अधिकारियों की टीम गठित की है।





बिछुआ निवासी रूही पिता संदीप मिनोटे की तबीयत सोमवार को खराब हुई थी। परिजनों ने डॉक्टर से जांच कराए बिना ही कुरेठे मेडिकल स्टोर से एक आयुर्वेदिक कफ सिरप खरीदकर बच्ची को पिला दिया। सिरप पीने के चार दिन बाद मंगलवार को बच्ची की हालत अचानक बिगड़ी, जिसके बाद परिजन उसे सिविल अस्पताल ले गए, जहाँ उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कफ सिरप के कारण ही बच्ची की तबीयत बिगड़ी, और सिविल अस्पताल में भी लापरवाही हुई। बिछुआ टीआई ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मर्ग कायम कर लिया गया है, और वैधानिक कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# ग्रामीण थाम रहे है हर दिन भाजपा का दामन

## जनता की समस्याओं से दूर हो रही है कांग्रेस नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारतीय जनता पार्टी का सौसर क्षेत्र में लगातार जन आधार बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। पीपला नगर पंचायत में नप उपाध्यक्ष श्रीमती लामसे, प्रवीण लामसे के द्वारा कांग्रेस को टाटा बाय बाय करते हुए विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। गुरुवार को ग्राम वाघोडा ढाना के बड़ी संख्याग्रामीणों ने सौसर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष संदीप मोहड की उपस्थिति में विधिवत भाजपा का दुपट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। ग्राम वाघोडा(ढाणा) के पप्पू कुमरे, करण कुमरे, राधेश्याम इरपाची, विष्णु इरपाची, सुरज कमरे, मंगेश आल्लाराय, गणेश परतेती, घनशु इरपाची, विक्रम परतेती,महेश इरपाची मंगेश वरखडे, धर्मराज वरखडे, रोशन कुमरे रूपेश ईवनाती, योगेश वरखडे, जयकिशन टेकाम, आकाश इरपाची, राहुल ईवनाती विजय वरखडे ने कांग्रेस छोड़ भाजपा परिवार में सम्मिलित होकर विधिवत सदस्यता ग्रहण करने पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा भाजपा का दुपट्टा उड़कर स्वागत सत्कार किया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**जुन्नारदेव :** नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे के हस्ते वार्ड क्रमांक 16 एवं वार्ड क्रमांक 8 में नाली निर्माण का भूमि पूजन किया गया। लगातार वार्ड वासियों की मांग को ध्यान रखते हुए नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव द्वारा वार्डों में नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। वार्ड पार्षद श्रीमती उर्मिला अमरवंशी वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद प्रमोद बंदेवार की उपस्थिति में उक्त निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया।आमजन की सुविधाओं को सुलभ किया भूमि पूजन के दौरान वार्ड पार्षद सहित भाजपा नेता वार्ड वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वार्ड क्रमांक 16 में 827000 की लागत से एवं वार्ड क्रमांक 8 में 2 लाख लाख 27 हजार रुपए की लागत से उक्त नालियों का निर्माण किया जाएगा ।नाली निर्माण के दौरान नगर पालिका परिषद के अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन ,विभाग के ठेकेदार सहित वार्ड वासी नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे विभाग के संबंधित सभी इंजीनियर एवं आम जनमानस भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा को कृषि उपज मंडी परिसर के पास की सरकारी भूमि पर बनाए जाने की मांग

# भाजपा पार्षदों ने उठाई आवाज, मंडी परिसर में बने कलेक्टर कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)

आज नगर पालिका परिषद पांढुर्णा में भाजपा के गूरुदेव वार्ड गोलू कोरडे तथा महावीर वार्ड के पार्षद सोनू बागडे ने पांढुर्णा जिलावासियों की मांग और नागरिक हित के लिए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ से कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा को कृषि उपज मंडी परिसर के पास की सरकारी भूमि पर बनाए जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि बीते अनेक दिनों से पांढुर्णा कलेक्टर कार्यालय की जमीन का मूद्दा गर्माया हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के लिए अमरावती रोड पर जमीन का चयन कर लिया गया है। पूरे जिले की जनता के हितों से समझौता कर भाजपा के विशेष प्रतिनिधियों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। ऐसे आरोप गत कुछ दिनों से खुलेआम लग रहे है जिसका दोष प्रशासन के सिर मढ़ा जा रहा है। इस सिलसिले में शास्त्री वार्ड के भाजपा पार्षद गोलू कोरबे का कहना है कि कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण हेतु कृषि उपज मंडी परिसर से अधिक उपयुक्त कोई स्थान नहीं है। यदि अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय बनाया जाता है तो उसके बाद पूरे जिले के आम नागरिक कार्यालय में आने जाने के लिए परेशान रहेंगे। महावीर वार्ड के भाजपा पार्षद सोनू बागडे के अनुसार प्रशासन द्वारा जो निर्णय लिया गया है वह बिल्कुल भी ठीक नहीं है।





शासन को जमीन दान में मिली गई तो क्या प्रशासन जनता के हितों के प्रतिकूल निर्णय लेगा ? दान में मिली जगह पर प्रशासन ने आरटीओ कार्यालय, आबकारी या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जैसे कार्यालयों के लिए भवन निर्माण की योजना बनानी चाहिए। पार्षद सोनू बागडे ने भी कहा कि कलेक्टर कार्यालय सिर्फ कृषि उपज मंडी के आसपास ही बनना चाहिए जहां जिले भर के नागरिकों का आवागमन सरल और सुलभ है।

### पिपला में अध्यक्ष पार्षदों ने लिया नगर विकास का संकल्प

**सौंसर।** मंगलवार को पिपला नप उपाध्यक्ष के द्वारा कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा जॉइन करने के बाद अब पिपला ना वार की राजनीतिक गलियारों में तरह तरह चर्चाएं की जा रही है। बुधवार को नगर पंचायत पिपला ना वार में कांग्रेस के समस्त पार्षदों ने एक बैठक लेकर एकजुटता का परिचय दिया है।मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के सभी पाषदो ने एकजुटता दिखाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अरुणा कैलाश चौधरी नेनगर परिषद पिपलानावार में संयुक्त रूप से मुलाकात कर आगामी परिषद के विकास कार्यों को लेकर विचार विमर्श किया,बैठक में नप अध्यक्ष पार्षदों के द्वारा जनहित के कार्य अति शीघ्रता से करने का निर्णय लिया।

## जल्द शुरू होगा ब्रिज का काम, शहरवासियों को मिलेगी सुविधाएं

# रेलवे ने 24 लोगों को अतिक्रमण हटाने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



तामिया मार्ग पर स्तिथ रेलवे ब्रिज का काम जल्द शुरू होगा। रेलवे ने मार्ग के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने 24 लोगों को नोटिस दिया है। खुद से अतिक्रमण हटाने 7 दिनों की मोहलत दी गई है।

इस मामले कब्जा धारी एस डी एम से मिले और राहत दिलाने की मांग रखी है।कई सालों से परासिया - तामिया मार्ग पर रेलवे ब्रिज के नीचे पानी भरने, आए दिन जाम लगने की समस्या शासन - प्रशासन और लोगों के लिए जी का जंजाल बनी हुई थी। जिससे निजात मिलने के आसार अब नजर आ रहे हैं। रेलवे ने ब्रिज को चौड़ा करने का ठेका दे दिया है। जिसका कार्य पंद्रह दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा।

लोगों के लिए ये खबर भले ही राहत भरी हो, पर वर्षों से ब्रिज के आसपास रेलवे की भूमि पर मौजूद दुकान और मकान वालों की चिंता बढ़ गई हैं। उनके सामने रहने और रोजगार चले जाने की विकराल समस्या खड़ी हो गई है। जिसके चलते दुकानदार गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर के नेतृत्व में एस डी एम से मिले और रेलवे द्वारा दिए गए नोटिस पर चर्चा की और कहा, कि रेलवे पूरा अतिक्रमण हटाना चाह रहा है, जिससे उनके सामने रोजगार की समस्या खड़ी हो जाएगी। दुकानदारों ने कहा, कि यदि रेलवे जितना चौड़ा ब्रिज बनाना चाह रहा है उतने क्षेत्र में आने वाले अतिक्रमण को तोड़े तो सभी को राहत मिलेगी।

## गोपाष्टमी पर्व पर सैकड़ों साधकों ने निकाली वाहन रैली

छिंदवाड़ा. संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गौशाला खजरीं ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास मनाया। सैकड़ों साधकों ने गायों की वैदिक रूप से पूजा अर्चना की। इस अवसर गोशाला के संचालक जय राम भाई ने बताया कि आज ही के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौ चारण लीला प्रारंभ की थी। गायों में 33 कोटि देवी देवता विद्यमान रहते हैं। इस दिन गायों की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गाय का दूध, गोमूत्र, गोबर सब समस्त मानव जाति के लिए वरदान है। पूज्य बापूजी को गायों से बहुत लगाव है इसलिए सभी आश्रमो में गौ सेवा निश्चित रूप से होती ही हैं। भगवान स्वयं गायों की सेवा किया करतें हैं। उक्त गोशाला में समय समय पर आई ए एस प्रशिक्षु, आस पास के जिले के पशु पालक और कृषक, गोशाला के एव जैविक खेती का प्रशिक्षण लेने आते है।प्रसिद्ध संत प्रेमानन्द जी महाराज के मित्र संत राजेंद्र दास जी महाराज बताते हैं कि गोतन्त्र ग्रन्थ में आता है कि भगवान शिव माता पार्वती को बताते हैं कि पूरे जीवन काल मे कोई मनुष्य 10 गायों को गो विरोधी तत्वों से या म्लेच्छों से मुक्त कराता है, उसकी सेवा करता है वह व्यक्ति गौ लोक का अधिकारी बन जाता हैं। उस व्यक्ति को मेरा ही स्वरूप समझना चाहिए। उसके दर्शन से सभी के पाप ताप नष्ट हो जाते हैं। ऐसी गौ सेवा की महिमा है। वाहन रैली का शुभारंभ नगर निगम महापौर विक्रम आहाके, शिव सेना के जिलाध्यक्ष बिज्जू दाई, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत की सदस्य ललिता विलास घोगें, राष्ट्रीय हिन्दू सेना के यमन साहू, गायत्री परिवार के ओमी साहू, बजरंग दल के गौरव सेन, जिला पशु चिकित्सालय के उप संचालक डॉ पक्षवार, डॉ टांडेकर ने हरी झंडी दिखा कर किया। रैली खजरीं गौशाला से ग्राम जामुन झिरी, खजरीं चौराहा, बस स्टैंड, फव्वारा चौक, ELC चौक होते हुए सत्कार तिराहा, होते हुए खजरीं आश्रम में समाप्त हुई। जगह - जगह गौ सेवकों और नगर वासियों ने वाहन रैली का भव्य स्वागत किया। इस दैवीय कार्य समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, गोशाला संचालक जय राम भाई गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, साध्वी प्रतिमा बहन, साध्वी रेखा बहन, एम. आर. पराड़कर, पी. आर. शेरके, धनाराम सनोडिया, गोवर्धन मालवीय, तिलक सिंह पन्द्राम, सुभाष इंगले, अशोक कराड़े, नारायण ताम्रकार, बबलू माहोरे, विमल शेरके, डॉ. मीरा पराड़कर, प्रीति सोंनारे आदि ने अपनी - अपनी सेवाएं दी।



## चौरई तहसीलदार ने राजनीतिक दलों के साथ एसआईआर पर की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई एस डी एम कार्यालय सभागार में तहसीलदार प्रीति पटेल ने बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ SIR (Special Summary Revision) प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में भाजपा, कांग्रेस, पार्टी सहित कई प्रमुख दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में 27 अक्टूबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलने वाली SIR प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई।

तहसीलदार ने सभी राजनीतिक दलों से इस संवैधानिक प्रक्रिया में सहयोग की अपील की और उनके बहुमूल्य सुझाव भी मांगे।तहसीलदार श्रीमती पटेल ने अपने संबोधन में बताया कि यह प्रक्रिया वर्तमान में उत्तर प्रदेश सहित देश के 12 राज्यों में लागू है। भारतीय चुनाव आयोग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से ऐसे नामों को हटाया जाएगा, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जिनके नाम एक से अधिक जगहों की सूची में दर्ज हैं, या जो अब किसी अन्य स्थान पर निवास कर रहे हैं।इसके अतिरिक्त, SIR प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची में मौजूद किसी भी प्रकार की गलतियों को भी सुधारा जा सकेगा, जिससे सूची की सटीकता बढ़ेगी।अधिकारी ने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से एक संवैधानिक प्रक्रिया है और इसका किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि यह एक व्यापक प्रक्रिया है, जिसके सफल संचालन के लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है। तहसीलदार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) प्रत्येक मतदाता के घर जाएंगे, और वे अपने स्तर पर उनका सहयोग करें।तहसीलदार प्रीति पटेल ने यह भी कहा कि यदि उन्हें कहीं भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता नजर आती है, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## जिला जेल में इनर व्हील क्लब ने लगाया हीलिंग मेडिटेशन कैंप

छिंदवाड़ा। इनर व्हील क्लब ने इंटर डिस्टिक प्रोजेक्ट **Dist** 304 ने डिस्टिक 313 के साथ मिलकर छिंदवाड़ा जिला जेल के बंदी भाइयों के हृदय परिवर्तन के लिए ध्यान हीलिंग शिविर का आयोजन किया जिसका 300 बंदी भाइयों सहित जेल प्रबंधन ने लाभ लिया।सुंदर आयोजन के विशिष्ट अतिथि उप जेल अधीक्षक ज्ञानांशु भारती, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई ने की। इस अवसर पर पुणे से पधारी सीमा तत्वादी ने कैदी भाईयों को ध्यान के माध्यम से स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन के साथ दैनिक चर्या व्यवस्थित एवं तनाव रहित करने की कला सिखाई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए दीपक राज जैन सभी कैदियों को अपराधों से मुक्त होने का मार्ग बताया ओर भाव प्रतिक्रमण कर जाने अनजाने में हुए अपराधों के प्रति क्षमा याचना की ओर सभी ने अहिंसा परमो धर्म सहित भारत माता की जयघोष कर राष्ट्रगान गाया।2 घंटे चले सुंदर आयोजन में क्लब सदस्य हिना पाटनी, रेनू पाटनी, जूली पाटनी एवं इंदौर से पधारी आराधना कासलीवाल सहित ऊर्जा प्राणिक हीलिंग केंद्र छिंदवाड़ा के सभी सेवा भावी सदस्यगण सम्मिलित हुए। सुंदर एवं सफल आयोजन के लिए जेल प्रबंधन की ओर से उप जेल अधीक्षक ज्ञानांशु भारती ने इनर व्हील क्लब का आभार व्यक्त किया ओर भविष्य में भी ऐसे सुंदर आयोजन का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम के अंत में क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी ने सीमा तत्वादी, दीपक राज जैन, जेल प्रबंधन के साथ सभी सहयोगियों सहित सम्माननीय मिडिया जगत का आभार व्यक्त किया।



## विकासखंड चौरई में FLN मेले का सफल आयोजन



**चौरई:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत **Foundational Literacy and Numeracy (FLN)** के प्रथम चरण के अंतर्गत विकासखंड चौरई के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में एक दिवसीय **FLN** मेला बड़े उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।इस मेले में कक्षा 1 से 2 तक के विद्यार्थियों को उनके पालकों सहित आमंत्रित किया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों के मौलिक अधिगम स्तर का मूल्यांकन करते हुए उन्हें खेल-आधारित शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करना रहा।मेले में विभिन्न स्टॉल लगाकर बच्चों से रिपोर्ट कार्ड के आधार पर शिक्षण-संबंधी गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन से जुड़ी रोचक प्रतियोगिताएँ सम्मिलित थीं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अभिभावकों ने भी विद्यालय स्तर पर हो रहे गुणवत्तापूर्ण प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक चौरई, संकुल प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षकगण एवं पालकगण की सक्रिय सहभागिता रही। **FLN** कार्यक्रम के इस चरण से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार की दिशा में एक सार्थक पहल देखने को मिली।

## बाल विवाह रोकने दिलाई शपथ एवं निकाली रैली

छिंदवाड़ा। बाल विवाह भारतीय लोकजीवन की उन्नत तस्वीर पर बदनुमा दाग की तरह है,एक तरफ हमारी सांस्कृतिक चेतना बच्चों में भगवान का अक्स देखती है दूसरी तरफ बाल विवाह, मौजूदा समाज की चेतना में उदासीनता का स्थायी भाव बेहद दुःखद है। हर जिले में बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत एक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है जिसे बाल विवाह के मामले में पुलिस की तरह गिरफ्तारी तक के अधिकार प्रावधानित है इन सभी विषयो पर जानकारी देने ,महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश शिवहरे के निर्देशन मे जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय शा.हाई.स्कूल इमली खेड़ा मे किया गया।

## ग्राम आलेझरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुँचे विधायक विवेक विक्की

# पांच सौ रूपये में महिलाओं को कब मिलेगा गैस सिलेंडर-विवेक पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्राम पंचायत आलेझरी में मंडई के शुभ अवसर पर मृगनयनी लोकगीत छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा का विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया। विधायक विक्की पटेल के पहुंचने पर समिति द्वारा आतिशबाजी व बैंड बाजो की धुन पर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के छायाचित्र पर विधायक विवेक विक्की पटेल और प्रबुद्ध जनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चना की गई। जिसके बाद मंचासिन अतिथियों का बारी-बारी स्वागत किया गया। इसके पश्चात नृत्य कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत एवं धार्मिक गीतों की प्रस्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासी व क्षेत्रवासी बुजुर्ग,युवा,बच्चे माताएं, बहने एकाग्रचित होकर कार्यक्रम को देखकर सुनकर प्रसन्नचित हो उठे। नृत्य कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन कर समय-समय पर दर्शकों से तालियां भी बटोरी। कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन करते हुए जोरदार समा बांधा, रात भर चले कार्यक्रम को देख कर सुन कर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम में नौजवान युवा युवतियाँ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से काफी प्रसन्न अतिउत्साहित नजर आए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य जितेंद्र सिंह जीतू राजपूत ने कहा की वारासिवनी -खैरलाँजी क्षेत्र के इतिहास में विवेक पटेल पहले विधायक हैं, जो किसानो की समस्याओ को भोपाल में उठाते हैं। भाजपा द्वारा की गई इकत्तीस सौ रूपये में धान खरीदी,पांच सौ रूपये में गैस सिलेंडर का किया गया वादों को विधायक विवेक विक्की पटेल सरकार को बार-बार याद दिलाते हैं। भाजपा ने किसानो से झूठे वादे क़र सरकार तो बना ली, मगर वादो को पूरा करने में पसीने छूट रहें हैं। आगामी चुनाव में प्रदेश की जनता इनको सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम आलेझरी में नल-जल योजना का काम अधूरा हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल रहा हैं। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने ठेकेदार से साठगाठ क़र शासन की राशि को नौ दो ग्यारह करके रफ्फुचक्कर हो गए।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की ठेकेदार और पूर्व जनप्रतिनिधियों के कारण इस गाँव की जनता को दंश झेलना पड़ रहा हैं। जिसके कारण इस गाँव में नल-जल योजना का काम अधूरा हैं। मेरे द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाया गया था, जिसके बाद अधिकारी और ठेकेदार पर गाज गिरी थी। ज़ब भी आलेझरी की जनता ने हमसे कुछ काम बोला हैं, हमने उस काम को किया हैं। बेमौसम हो रही बारिश में किसानो की फ़सल खराब हो चुकी हैं।हमने अधिकारियो से किसानो की नष्ट हुई फसलों का सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग की हैं, हम चाहते हैं की प्रदेश सरकार किसानो को मुआवजा दे।

## कटीटोला (निलजी) में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम चौरा मा गोंदा का आयोजन 02 को

लालबर्रा। मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दुर ग्राम पंचायत निलजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटीटोला में 02 नवम्बर को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बारस मंडई के अवसर पर दिन-रात की मंडई का आयोजन किया गया हैं। तत्संबंध में जानकारी देते हुए सार्वजनिक मंडई समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 02 नवम्बर को दिन-रात की मंडई के अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रात 10 बजे से छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम चौरा मा गोंदा का आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के गायक रंजन पाण्डेय व गायिका जियारानी के द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुती दी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

# छात्रावास में मिली सुविधाओं से मनीषा का डॉक्टर बनने का सपना हो रहा है साकार



### दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम अंधियाटोला की बालिका मनीषा रतलाम के मेडिकल कालेज में कर रही है पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

छात्रावास का जीवन किस्मत वालों को ही मिलता है। छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई की अच्छी सुविधायें मिलने के साथ ही जीवन के नये अनुभव भी होते हैं और बहुत कुछ सीखने मिलता है। बालाघाट जिले के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम अंधियाटोला की बालिका मनीषा डोंगरवार के सपने को साकार करने में उसके छात्रावास जीवन का बहुत बड़ा योगदान है। छात्रावास में मिली सुविधाओं के कारण मनीषा ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और रतलाम के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा के रूप में अध्ययन कर रही है। मनीषा का कहना है कि यदि उसे छात्रावास में रहने का सौभाग्य नहीं मिलता तो वह नीट जैसी परीक्षा पास नहीं कर पाती और उसका डाक्टर बनने का सपना अधूरा रह जाता।

**मॉ का सपना था बेटी को डॉक्टर बनाना:** मनीषा डोंगरवार गरीब परिवार की बालिका है और बालाघाट जिले की लांजी तहसील के दुर्गम क्षेत्र के ग्राम अंधियाटोला की निवासी है। मनीषा के पिता किशोर डोंगरवार खेती का काम करते हैं और उसकी माता कविता डोंगरवार गांव में आशा कार्यकर्त्ता है। मनीषा के माता-पिता दोनों कक्षा 08 वीं तक ही पढ़े है। मनीषा ने कक्षा पहली से पांचवी तक की पढ़ाई अपने गांव के स्कूल में ही की है। मनीषा बचपन से ही पढ़ाई में हाशियार थी। मनीषा की मां कविता आशा कार्यकर्त्ता के रूप में गांव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवायें देने का काम करती है। कविता ने बेटी मनीषा से कहा था कि उसे डाक्टर ही बनना है और इसके लिए मेहनत कर।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के अधीक्षकों द्वारा हर वर्ष छात्रावास में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए अपने क्षेत्र के गांव-गांव जाकर छात्र-छात्राओं से सम्पर्क किया जाता है। लांजी के उत्कृष्ट कन्या छात्रावास की अधीक्षिका ने भी ग्राम अंधियाटोला पहुंचकर गांव की छात्राओं से सम्पर्क किया था। तब मनीषा को लांजी के छात्रावास में रहकर पढ़कर करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंधियाटोला से लांजी की दूरी लगभग 20 किलोमीटर होने के कारण हर दिन आना-जाना संभव नहीं था। इसलिये मनीषा ने लांजी के छात्रावास में प्रवेश ले लिया और लांजी के ही स्कूल में कक्षा 06 वीं की पढ़ाई शुरू कर दी।

**मनीषा ने की सरकारी स्कूल से पहली से 12वीं तक की पढ़ाई:** मनीषा को छात्रावास में पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण मिला तो उसने मन में मां के सपने को साकार करने का संकल्प.कर लिया। मनीषा ने 12 वीं तक की पढ़ाई लांजी के सरकारी स्कूल से ही पूरी की है। छात्रावास अधक्षिका द्वारा हर वर्ष छात्रावास की बालिकाओं को नीट, जेईई और क्लेट की परीक्षा का फार्म भरवा कर तैयारी कराई जाती है। वर्ष 2024 में मनीषा को भी नीट की परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिल गया। छात्रावास में नीट की परीक्षा के लिए सभी तरह की सामग्री उपलब्ध कराये जाने से मनीषा को बहुत सुविधा मिल गई। छात्रावास में स्मार्ट क्लास के माध्यम से मिलने वाली कोचिंग मनीषा के लिए मददगार बन गई और वर्ष 2024 की नीट परीक्षा में उसने सफलता हासिल कर ली है। मनीषा अब शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में एमबीबीएस की छात्रा बन गई है।

28 अक्टूबर को मनीषा सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर एवं अपने छात्रावास की अधीक्षिका सरिता कुथेकर के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची थी। इस दौरान उसने कलेक्टर श्री मृणाल मीना से भी भेंट की। कलेक्टर श्री मीना ने मनीषा को उसकी सफलता के लिए बधाई एवं डाक्टर बनने की दिशा में अग्रसर होने के लिए शुभकामनायें दी। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्र की बालिका मनीषा की इस सफलता से जिले की अन्य बालिकाओं को भी आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।

**सरकारी स्कूल से पढ़ाई पर मिली 05 प्रतिशत की छूट:** मनीषा ने चर्चा के दौरान बताया कि यदि उसे छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने की सुविधा और अवसर नहीं मिलता तो वह कुछ भी नहीं बन पाती। वह जिस गांव से आती है वहां पर वर्षा के दिनों में पहुंचना भी मुश्किल होता है। शासन द्वारा छात्रावासों में पढ़ाई के लिए अच्छी सुविधा दी जा रही है। इसी के कारण वह अपने डाक्टर बनने के सपने को साकार करने जा रही है। गरीब परिवार की मनीषा ने बताया कि वह अपनी मां के सपने को पूरा करना चाहती है और डाक्टर बनकर गांवों में सेवा देना चाहती है। मनीषा ने बताया कि उसने कक्षा पहली से 12 वीं तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल से की है। इसका लाभ भी उसे एमबीबीएस में प्रवेश के समय मिला है। कक्षा 01 से 12 वीं तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल से करने वाले नीट परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को एमबीबीएस में प्रवेश के समय 05 प्रतिशत छूट प्रदान की जाती है और उन्हें सबसे पहले प्रवेश दिया जाता है। यह छूट सभी वर्ग के छात्र छात्राओं को मिलती है।

## पटवारी व कृषि विभाग की टीमे मैदान में उतरी, गांव-गांव पहुंचकर किया जा रहा फसल क्षति का सर्वे

# बेमौसम बारिश से बढ़ी किसानों की मुसीबत, बर्बादी के मुहाने पर साल भर की खेती

हरिभूमि न्यूज लांजी।



बीते कई दिनों से बालाघाट का मौसम बदला हुआ है। कभी आसमान में बादल आ जाते हैं तो कभी धूप निकल आती है। मौसम की इस आंख-मिचौली का असर बीते रविवार से देखने को मिल रहा है। दोपहर 12 बजे से देर शाम तक लगातार झमाझम बरसात होती रही। हर जगह पानी-पानी हो गया। इस बेमौसम बारिश से किसानों की टेंशन बढ़ गई है। ऐसे में खेतों में पककर तैयार धान की फसल का क्या होगा? उन किसानों को तो और चिंता सता रही है जिनकी फ सल कटकर खेत में पड़ी है। लांजी क्षेत्र में रविवार रात से शुरू हुआ बरसात का दौर गुरूवार को भी जारी रहा। कभी हल्की तो कभी तेज बरसात ने लोगों को सर्दी का अहसास करा दिया। घरों में भी पंखों की गति धीमी हो गई। खेतों में पानी भरने से फ सलें भीग गई वहीं हवा चलने से धान की फसल आड़ी पड़ गई। खेतों में नुकसान देख किसान चिंतित दिखे।

**किसानों को अब सरकार से मुआवजे की उम्मीद:** बेमौसम बारिश ने समूचे क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल दिया। मावठ की बारिश किसानों के लिए कहीं अमृत बनकर बरसी है, तो कहीं आफ त बनकर। एक ओर, जहां इस बारिश से गेहूं, चना, जौ और सरसों की बुवाई के लिए खेतों को बेहतरीन नमी मिली है और सिंचाई का खर्च बचा है, वहीं दूसरी ओर खेतों में कटकर पड़ी धान फसल और पशुओं के चारे को भारी नुकसान पहुंचा है। पशुओं के लिए रखा सूखा चारा भीग गया है, जिससे पशुओं के लिए भोजन का संकट खड़ा हो गया है। इससे पहले भी बारिश हुई थी और किसान दीपावली के बाद बची हुई फसलों को इक_ा करने में जुटे थे, लेकिन अब रविवार से शुरू हुई इस बारिश ने उनकी चिंताएं और बढ़ा दी हैं। किसानों का कहना है कि वे इस नुकसान से दुखी हैं और अब उन्हें सरकार से मुआवजा मिलना चाहिए।

**एसडीएम ने जारी किये फसल क्षति सर्वे के निर्देश:** किसानों की इस विकट स्थिति को देखते हुए कमलचंद सिंहसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं उपखंड मजिस्ट्रेट लांजी ने तत्काल प्रभाव से फसल क्षति सर्वे के विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। आदेश के तहत संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर खेतों में पहुंचकर क्षति का आकलन करने और राहत प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। अनुविभागीय अधिकारी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि बेमौसम बारिश और कीट प्रकोप से धान, मक्का, उड़द, मूंगफली सहित अन्य खरीफ फसलों को व्यापक क्षति हुई है। पूरे अनुभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान वर्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई गांवों में फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो गई है। इस संकट को ध्यान में रखते हुए एसडीओ ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कृषि विकास अधिकारी तथा सभी पटवारियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं।

**मैदान में उतरी सर्वे टीम:** आदेश जारी होने के तत्काल बाद लांजी अनुभाग के ग्रामीण अंचलों में हलचल तेज हो गई है। पटवारी, राजस्व निरीक्षक आरआई तथा कृषि विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर सर्वे शुरू कर चुकी हैं। सुबह से ही खेतों में अधिकारियों की टीमें किसानों के साथ चर्चा कर रही हैं, फोटोग्राफ्स ले रही हैं और ड्रोन का उपयोग कर बड़े क्षेत्रों का आकलन कर रही हैं। क्षेत्र के कुछ प्रभावित किसानों ने बताया कि बारिश से धान की फसल पानी में डूब गई, जबकि माहू कीट ने भी धान फसल को चट कर दिया। एक किसान रामकिशन पटले ने कहा, इस बार फसल अच्छी थी, लेकिन प्रकृति ने सब कुछ छीन लिया। सरकार से उम्मीद है कि सर्वे सही हो और मुआवजा जल्द मिले। लांजी क्षेत्र के किसान अब राहत की आस में हैं, जबकि प्रशासन पूरे जोश से मैदान में जुटा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### रेहाना अंसारी को मिली पी एच डी की उपाधि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय महाविद्यालय कुरई में ग्रंथपाल के पद में पदस्थ श्रीमती रेहाना अंसारी को कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा पी एच डी की उपाधि से अलंकित किया गया श्रीमती रेहाना अंसारी ने शोध निर्देशक डॉक्टर मोहम्मद नासिर पुस्तकालय विज्ञान विभाग कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर के कुशल मार्गदर्शन में पुस्तकालयो में सूचना संगढन एवं पुनःप्राप्ति प्राणलीका अध्ययन विषय में पी एच डी की उपाधि हासिल की है।

### सेपक टकरा (लेग वॉलीबॉल) जिला स्तरीय टीम की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सेपक टकरा (लेग वॉलीबॉल)की जिला स्तरीय टीम कि घोषणा ट्रायल लेकर की गई सेपक टकरा जिला संघ के सचिव रघुनाथ निर्मलकर और नेशनल सेपक टकरा खिलाड़ी प्रफुल बघेल ने निम्न जूनियर खिलाडियों की घोषणा की

### वनवासी विकास परिषद चलाएगा संकल्प पत्र हस्ताक्षर अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 1 नवम्बर 2025 को डोला ग्यारस (देवउठनी ग्यारस) के उपलक्ष्य में महाकौशल प्रांतवनवासी विकास परिषद के तत्वाधान में संकल्प पत्र हस्ताक्षर अभियान यात्रा निकाली जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए बाबा जी महेश नागेश्वर प्रांत टोली सदस्य ने बताया कि राष्ट्रीय संत श्री दिगंबर स्वामी मदन मोहन गिरी जी महाराज दादा धुनी वाले के मार्गदर्शन में देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर 1 नवम्बर 2025 को महाकौशल प्रांत वनवासी विकास परिषद के तत्वाधान में दिव्य भव्य मां राजेश्वरी पालकी ध्वज यात्रा एवं सद्गुरू दादा धुनी वाले विश्व जन कल्याण यात्रा, श्री गुरु लिंगेश्वर महादेव शीशाघाट ग्राम घुसौर नर्मदा दक्षिण तट से प्रारंभ होगी।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया मनायेगी कांग्रेस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरूष स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल जी जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के रूप में मनाया जाएगा तथा इसी तिथि पर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के रूप में दिनांक 31/10/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में मनायी जावेगी।

### विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कहानी। म.प्र.जन अभियान परिषद विकास खंड घंसौर एवं राज्य आनंदम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटेल के निर्देशन एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घंसौर की सुश्री शीतल ठाकुर के मार्गदर्शन में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के आनंद अनुभूति और सकारात्मक बढ़ाने की उद्देश्य से अल्पविराम कार्यशाला का शुभारंभ 29 अक्टूबर को जनपद पंचायत घंसौर के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी एवं मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती नीलम विश्वकर्मा एवं नैनावटी बरकड़े द्वारा मां भारती के छायाचित्र का पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया पूजन के पश्चात, अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती नीलम विश्वकर्मा के द्वारा आनंद की ओर जीवन का लेखा-जोखा तथा चिंता का दायरा प्रभाव का दायरा विषयों पर सत्र लेकर प्रतिभागियों को आत्म चिंतन और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित किया।

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया भ्रमण




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में यातायात व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने रात में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की चेकिंग की और सडक़ों पर खड़े हाथ ठेलों को हटवाकर किनारे लगवाया, जिससे यातायात सुचारु हो सके। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने सुबह जानकारी देते हुए बताया कि इस गश्त का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना और अपराधियों व गुंडा तत्वों में भय व्याप्त करना है।

## धूमा थाना केंद्र में हत्या की वारदात



### चार लोगों ने मिलकर दिया घटना को दिया अंजाम

धूमा थाना अंतर्गत ग्राम बोरिया खुर्द में मोबाइल के विवाद को लेकर चार युगों ने मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी बताया जाता है कि युवक की हत्या पोते की मौत के सदमे में दादा की भी मौत हो गयी 27 वर्षीय अनिल कुमार पिता सिद्धू लाल झरिया निवासी बोरिया कला थाना धूमा का बताया जाता है बता दे गाँव मे मडई मे आई नाचने वाली व मोबाइल क विवाद को लेकर युवक की हत्या कर दी गई बात चर्चा का विषय बनी हुई है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना मेला संपन्न



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अन्तर्गत जिला स्तरीय अंगीकार मेले का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न योजनाओ प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, होम लोन योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर इत्यादि के स्टाल लगाए गए। जिसमे मुख्य अथिति के रूप मे नगर पालिका उपा अध्यक्ष श्रीमती डॉली अमित डागोर एवं पार्षदगण, जिला लीड बैंक प्रबंधक प्रवीण देशोरिया द्वारा नगरीय निकायों के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। नगरीय निकाय से मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल मर्सकोले, उपयंत्री श्रीमती वंदना मरकाम, सिटी मैनेजर भीमराव बंसोड़ एवं निकाय सी ओ / योजना प्रभारी आदि एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## प्रेस एसोसिएशन सिवनी के चुनाव 9 नवम्बर को

### सदस्यता की अंतिम तिथि 6 नवम्बर तय

**प्रेस एसोसिएशन, जिला सिवनी के चुनाव 2025 की तारीख घोषित कर दी गई है। यह चुनाव 9 नवम्बर 2025 (रविवार) को होटल बाहुबली, 12 पत्थर, जिला सिवनी में संपन्न होंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

संगठन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवम्बर 2025, शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। इस अवधि तक सभी पुराने एवं नवीन सदस्य अपनी सदस्यता प्राप्त या नवीनीकृत कर सकेंगे।

पुराने सदस्यों को सदस्यता नवीनीकरण हेतु 300 शुल्क देना होगा, जबकि नए सदस्यों को अपना आईडी कार्ड या प्रो कार्ड प्रस्तुत कर 500 शुल्क जमा करना अनिवार्य रहेगा। चुनाव में विभिन्न पदों हेतु शुल्क भी तय किए गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए 4000, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए 2500, जबकि सह सचिव पद के लिए 1500 शुल्क रखा गया है। कुल छह पदों पर चुनाव होना है अध्यक्ष (1 पद) उपाध्यक्ष (2 पद) सचिव (1 पद) कोषाध्यक्ष (1 पद) सह सचिव (2 पद) महत्वपूर्ण तिथियाँ इस प्रकार हैं मतदाता सूची जारी एवं दावा-आपत्ति सत्यापन 7 नवम्बर 2025, शाम 6 बजे तक प्रत्याशी सूची जारी 8 नवम्बर 2025, शाम 6 बजे।

### निर्धारित नियम एवं निर्देश

1 एक संस्थान से केवल एक व्यक्ति को मतदान का अधिकार होगा। 2 केवल 1 वर्ष से अधिक पुरानी सदस्यता वाले सदस्य ही चुनाव लड़ सकेंगे।

3 अन्य पत्रकारिता संगठन के पदाधिकारी इस चुनाव में प्रत्याशी नहीं बन सकेंगे। 4 पुराने सदस्य (सिवनी शहर या बाहर के) मतदान कर सकेंगे, जबकि नए सदस्य केवल सिवनी शहर के पत्रकार होंगे। 5 पुरानी कार्यकारिणी के 21 सदस्यों को प्रो कार्ड / आईडी कार्ड प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।

6 इन 21 सदस्यों के अतिरिक्त किसी अन्य सदस्य पर आपत्ति आने पर उसे अपना प्रो कार्ड / आईडी कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

प्रेस एसोसिएशन, जिला सिवनी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर सदस्यता और नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएँ।

## सिवनी में कृषि विभाग की संवेदनहीनता चरम पर अन्नदाता त्राहिमाम

# खाद-बीज की अनुपलब्धता, भ्रष्टाचार का बोलबाला क्या कलेक्टर, मंत्री और जनप्रतिनिधि लेंगे संज्ञान

**लखनादौन, संवाददाता मुकेश साहू।** समय चूका, खेती किस काम की? यह हमारे बुजुर्गों का सदियों पुराना कहावत है, जो आज सिवनी जिले के हजारों किसानों के लिए अग्निपरीक्षा बन गया है। मौसम ने करवट ले ली है, धान और मक्का की कटाई कहीं-कहीं शुरू हो चुकी है, और रबी की बुआई का अविचलित समय सिर पर है। इसके बावजूद, राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले खाद और बीज की आपूर्ति शून्य है, और कृषि कल्याण विभाग के अधिकारी गहरी निद्रा में लीन हैं।

यह स्थिति किसी सामान्य लापरवाही का नहीं, बल्कि कृषि प्रधान जिले के किसानों के भविष्य के साथ किए जा रहे सुनियोजित खिलवाड़ का घिनौना प्रमाण है।

### भ्रष्टाचार की दीमक और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता

जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें कथित तौर पर एस.के. धुर्वे और ब्लॉक स्तर के अधिकारी शामिल हैं, ने आँखें मूंद ली हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि किसान कल्याण के नाम पर चल रहा यह विभाग अब भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का अड्डा बन गया है। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में, जहाँ खेती ही जीवन का आधार है, समय पर बीज न उपलब्ध कराना किसानों को आत्मघाती निर्णय लेने के कगार पर धकेल रहा है।

किसानों की यह पीड़ा स्पष्ट है: जब तक सरकारी बीज आएगा, तब तक बुआई का शुभ समय निकल चुका होगा। किसान अपनी जमा-पूंजी या कर्ज लेकर बाजार से बीज खरीदकर समय पर बुआई करेगा।

इसके बाद, सरकारी गोदामों में पड़ा हुआ यह आवश्यक बीज या तो सड़ जाएगा, या फिर भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा सड़ी हुई सामग्री के नाम पर औने-पौने दामों पर ठिकाने लगा दिया जाएगा। इसका सीधा लाभ बीज निर्माता कंपनियों और स्थानीय कमीशनखोरों को मिलेगा, जबकि सरकार को बड़ा वित्तीय चूना लगेगा और किसानों को घटिया बीज, घटिया फर्टिलाइजर और बे-बुनियाद दामों पर बेची गई कृषि सामग्री का दंश झेलना पड़ेगा। यह किसानों को समृद्ध करने की सरकारी नीतियों के मंशा पर कुठाराघात है। सरकारी रहनुमा दीमक की तरह योजनाओं को खोखला कर रहे हैं।

स्थिति और भी भयावह है। उपार्जन पंजीकरण केंद्रों पर लखनादौन समेत कई स्थानों पर किसानों से कथित तौर पर 200 से 500 तक की अवैध वसूली की जा रही है। सर्वर या अन्य तकनीकी बाधाओं का बहाना बनाकर अन्नदाताओं को गुमराह किया जा रहा है।



उपार्जन पंजीकरण केंद्र जैसे संवेदनशील स्थानों पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के वरिष्ठ जिला अधिकारी मनोज पराबिया की उदासीनता ने पिछले दिनों हुए फर्जी सिकमी नामां और किसान कल्याण के नाम पर सरकारी खजाने को लगे बड़े चूने की घटनाओं की याद ताज़ा कर दी है। फर्जी गिरदावरी की लगातार मिल रही शिकायतें राजस्व और कृषि विभाग के गठजोड़ को उजागर करती हैं, जहाँ कागज़ों पर किसानों के हित की बलि चढ़ाई जा रही है।

### ज़िम्मेदारियों का कठोर आइना अब एक्शन की दरकार

इस विषम परिस्थिति में, जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की जवाबदेही सबसे ऊपर है। कलेक्टर होने के नाते, उन्हें जिले के समस्त विभागों (कृषि, राजस्व, आपूर्ति) के बीच समन्वय स्थापित करते हुए, खाद-बीज की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करानी चाहिए और भ्रष्ट अधिकारियों पर कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

कृषि अधिकारियों की ज़िम्मेदारी है कि वे तत्काल ब्लॉक स्तर पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें और भ्रष्टाचार पर लगाम कसें। राजस्व विभाग की ज़िम्मेदारी है कि फर्जी गिरदावरी और उपार्जन केंद्रों पर हो रही अवैध वसूली को रोके, क्योंकि यह सीधा किसानों के आर्थिक हितों पर प्रहार है।

प्रभारी मंत्री श्री पवार और क्षेत्रीय सांसद-विधायकों, जनप्रतिनिधियों का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वे इन गरीब अन्नदाताओं की मार्मिक पुकार को कागज़ों के नीचे न दबने दें। यह उनकी जनप्रतिनिधि की भूमिका की अंतिम परीक्षा है।

### तत्काल संज्ञान लें, श्रीमती शीतला पटले

सिवनी की नई कलेक्टर के सामने अन्नदाताओं का भविष्य 'अग्निपरीक्षा' पर: भ्रष्ट तंत्र पर कड़े प्रहार की उम्मीद सिवनी की दुर्दशा 3.82 लाख हेक्टेयर कृषि रकबा, 4.29 लाख आदिवासी अन्नदाता 15 करोड़ राजस्व घाटा! आंकड़ों के आईने में सिवनी जिला 8 विकासखंडों और 3.82 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि का विशाल क्षेत्र है, जहाँ 4.29 लाख से अधिक आदिवासी किसान जीवन यापन करते हैं। सरकारी तंत्र की उदासीनता का कठोर प्रमाण देखिए 47 करोड़ के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध केवल 32 करोड़ की प्राप्ति हुई। यह 15 करोड़ का राजस्व अंतर, खाद-बीज की कमी और भ्रष्टाचार स्पष्ट करता है कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अनदेखी जिले की आर्थिक रीढ़ को खोखला कर रही है। यदि तत्काल कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो सिवनी जिले के किसान इस सरकारी लापरवाही की कीमत भुखमरी और आर्थिक तबाही से चुकाएंगे। यह स्थिति अस्वीकार्य है और जनता के पैसे से चलने वाले सरकारी तंत्र के लिए शर्मनाक है। सवाल यह है क्या सरकार के रहनुमा दीमक की तरह किसानों की योजनाओं को चाटते रहेंगे, या अब कोई 'कठोर उत्कृष्ट कदम' उठाकर इन अन्नदाताओं के प्रति अपनी जवाबदेही सिद्ध करेंगे।

### सिवनी कृषि विभाग वरिष्ठ अधिकारी 'अदृश्य', ब्लॉक अधिकारी 'अड़ियल

सिवनी कृषि विभाग में जवाबदेही का संकट चरम पर है। एक ओर, जिले के वरिष्ठ अधिकारी एसके धुर्वे ने किसानों और मीडिया के फोन उठाना बंद कर दिया है, संकट काल में 'अदृश्य' होकर ज़िम्मेदारी से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया है। वहीं, लखनादौन में 25 वर्षों से जमे ब्लॉक कृषि अधिकारी बलराम आठिया ने जवाबदारी शून्य टिप्पणी दी है: ₹डिमांड दी है, आएगा तो मिलेगा।₹ अन्नदाताओं के लिए बुआई के समय की चिंता न करना और वरिष्ठ अधिकारी का ड्यूटी से पलायन, सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता और स्थायी कमीशनखोरी के वर्चस्व को प्रमाणित करता है।

# 1 नवंबर को होगा राष्ट्रीय सारेगामापा गायन प्रतियोगिता का प्रथम ऑडिशन

### एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन, लूघरवाड़ा सिवनी में बजेगा सुरों का संगम

**संगीत प्रेमियों के लिए सिवनी में एक बार फिर सुनहरा अवसर आने जा रहा है। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सारेगामापा गायन प्रतियोगिता 2025 अपने शानदार 19वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।**

**मध्यभारत के प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं को मिलेगा मंच, विजेताओं को 31,000 रुपये सहित आकर्षक पुरस्कार**

यह प्रतियोगिता अब तक सैकड़ों उभरते कलाकारों को पहचान दिला चुकी है, जिनमें से कई आज संगीत जगत में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। सुरों का यह महासंग्राम इस वर्ष 1 नवंबर 2025 से शुरू होने जा रहा है, जिसका प्रथम ऑडिशन एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन, लूघरवाड़ा सिवनी में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर कलाकारों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के गायक-गायिकाएँ भाग ले सकेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह मंच उन युवाओं के लिए स्वर्ण अवसर है जो अपनी गायकी के दम पर देशभर में नाम कमाना चाहते हैं। आयोजक जिला मनोरंजन समिति के अध्यक्ष पृथ्वीराज जगने और आशीष दुबे ने बताया कि ऑडिशन में अनुभवी संगीत विशेषज्ञों की निर्णायक टीम प्रतिभागियों के सुर, लय और प्रस्तुति का मूल्यांकन करेगी। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और सीमित स्थानों के कारण प्रतिभागियों से समय पर नाम दर्ज कराने की अपील की गई है। प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे आयोजकों ने अपने सपनों की ओर बढ़ने का पहला कदम बताया है। राष्ट्रीय सारेगामा 2025 के विजेताओं के लिए इस बार भी आकर्षक नगद पुरस्कार रखे गए हैं — प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 11,000 रुपये, इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष सम्मान और प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागी शास्त्रीय, सुगम, फिल्मी और भक्ति संगीत की विभिन्न श्रेणियों में अपनी कला प्रस्तुत कर सकेंगे। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रतिभागियों को अगले चरण में आमंत्रित किया जाएगा, जहाँ प्रदेश स्तर पर विजेताओं का चयन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि सेमीफाइनल और फाइनल तक पहुँचने वाले प्रतिभागियों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। आयोजन समिति के संरक्षक विधायक दिनेश राय मुनमुन, शैलेन्द्र अग्रवाल (सल्लू), आशीष अग्रवाल, उमेश मोदी सहित जिले मनोरंजन समिति के सदस्य अरविंद राय, राजेन्द्र पिंटू तरवरे, देवराज डेहरिया, और अश्वनी मिश्रा प्रतियोगिता की जिला मनोरंजन समिति व आयोजन समिति के सदस्य के रूप में जुड़े हैं।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने समेकित छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम मे किया सहभागिता

सिवनी- आज सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने समेकित छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम मे सहभागिता किया। आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के सभाकक्ष मे आयोजित समेकित छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सहभागिता किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री निवास समत्व सभागार भोपाल मे यशस्वी मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य मे समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आयोजित 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों को 300 करोड़ का अंतरण लाईव प्रसारण को विधायक दिनेश राय मुनमुन जी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन , नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया जी सहित उपस्थितों द्वारा देखा व सुना गया। इस अवसर पर राकेश मेहता जी, प्राचार्य महेश गौतम सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### एकता दौड़ का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को प्रातः 09:00 बजे से "एकता दौड़ (Run for Unity)" का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ फुटबॉल स्टेडियम सिवनी से प्रारंभ होकर बड़ी पुलिस लाइन मैदान, सर्किट हाउस के सामने, गांधी भवन, पोस्ट ऑफिस, दलसागर चौपाटी, एम.एल.बी. स्कूल, सोमवारी चौक होते हुए पुनः फुटबॉल स्टेडियम सिवनी में समाप्त होगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, समस्त शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएँ, खेल संघों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ खिलाड़ी, आम नागरिक तथा मीडिया प्रतिनिधि आमंत्रित हैं।

### कोदो एवं कुटकी के पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो एवं कुटकी की उपार्जन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। खरीफ वर्ष 2025 हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी का पंजीयन अब 31 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकेगा। पूर्व निर्धारित अवधि 24 अक्टूबर थी, जिसे किसानों की सुविधा के लिए बढ़ाया गया है।

### उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरूवार 30 अक्टूबर को श्री रवि नायक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी एवं श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उपजेल लखनादौन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में बंदियों को उनके अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक साक्षरता योजना के संबंध में जानकारी दी गई

## छपारा नगर पत्रकार परिषद सहित श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा सौंपा गया ज्ञापन

# पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, बिना जांच के झूठे प्रकरणों में फंसाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम छपारा नगर पत्रकार संघ एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक ईकाई द्वारा तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गयाः-

ज्ञात हो कि बिना जांच के झूठे प्रकरणों में फंसाने का विरोध सिवनी जिले के पत्रकारों द्वारा जारी है उसी कड़ी में छपारा नगर के मीडिया साथियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बिना जांच के झूठे मामलों में फंसाए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उक्त ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया।

पत्रकार संघ छपारा जिला सिवनी द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना गया है, जो आम जनता की आवाज़ बनकर सच्चाई को उजागर करती है। ऐसे में पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें परेशान करना निंदनीय है और लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कदम है।




आगे ज्ञापन में बताया गया कि कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 899/225 में कई धाराओं के तहत लगभग 8 से 10 लोगों पर मामला दर्ज किया है, जिनमें दैनिक सिवनी न्यूज के संपादक अजय ठाकुर का नाम भी शामिल किया गया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह घटना के समय कवरेज के लिए मौके पर मौजूद थे। इसके बावजूद बिना जांच के उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### पत्रकार परिषद ने मांग की

**पत्रकार परिषद संघ ने मांग की है कि निष्पक्षता और निडरता के साथ काम करने वाले पत्रकारों को झूठे मामलों में फंसाने की प्रवृत्ति रोकी जाए। किसी भी पत्रकार के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने पर पहले उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। समाचार पत्रों के संपादकों, संवाददाताओं, फोटोग्राफरों और फील्ड में कार्यरत पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून पारित किया जाए।**

**साथ ही पत्रकारों ने कहा कि वे समाज और शासन के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं, अतः उनकी सुरक्षा और सम्मान लोकतंत्र के लिए अनिवार्य है।**

# हटाया गया शासकीय जमीन से अवैध कब्जा

धारनाकला के समीपी ग्राम घीसी पंचायत मे मेन रोड से लगी शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाई राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से की गई है सरपंच तथा ग्रामीणो की शिकायत पर तहसीलदार बरघाट अमरित लाल धुर्वे द्वारा जांच करते हुऐ जनहित को ध्यान मे रखते हुऐ बेदखली आदेश जारी किया गया था जिसकी ठोस कार्रवाई के तहत मेन रोड से लगी शासकीय जमीन से अवैध कब्जा तथा अतिक्रमण पुलिस बल तथा राजस्व विभाग द्वारा हटाया गया है तहसील दार बरघाट की निस्पक्ष कार्रवाई की छेत्र मे प्रशंसा भी हो रही है वही दूसरी तरफ अन्य शासकीय जमीन से अवैध कब्जे तथा अतिक्रमण हटाने की ठोस कार्रवाई अभी भी शेष है जिन शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे तथा अतिक्रमण है वो शासकीय जमीन पर दबंगो तथा भूमाफियाओ का अवैध कब्जे अब भी बरकरार है।



जनपद की शासकीय जमीन से अवैध कब हटेगें उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट मेन रोड से लगी शासकीय जमीन जो वर्तमान मे जनपद पंचायत बरघाट के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है मे भी दबंगो तथा भूमाफियाओ का अवैध कब्जा तथा अतिक्रमण का मकडज़ाल फैला हुआ है जिसका सीमांकन तथा नाप भी जिला कलेक्टर के निर्देश पर। होने के पश्चात तहसीलदार न्यायालय से नोटिस तामीली हो चुकी है किन्तु लम्बा अर्सा बीत जाने के बाद भी ठोस कार्रवाई अब तक सामने नही आई है जबकि उपरोक्त शासकीय जमीन पर सुगम काम्प्लेक्स निर्माण की मांग अनेको बार हो चुकी है किन्तु जनहित मे इस ओर प्रशासन का ध्यान न दिया जाना समझ से परे है और इस ओर जनपद पंचायत बरघाट की निष्क्रियता भी सामने आ रही है चूकि जमीन धारनाकला मे स्थित होने के चलते जनपद पंचायत बरघाट भी इस बेशकीमती जमीन पर स्वार्थ की रोटी सेकते नजर आ रही है और जमीन को सुरक्षित करने मे जनपद के आला अधिकारी तथा जन प्रति निधि भी स्वार्थ के चलते ध्यान देना मुनासिब नही समझ रहे है।

